तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 5 मई 2025


भागवत में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई और 56 भोग लगाया 12


शहर में करोड़ों का लगा वाटर एटीएम लेकिन प्याऊ घर... 11



## खबर संक्षेप

### शमशाद बेगम ने कलेक्टर व एसपी से मुलाकात की



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल बालोद से भेट कर पद्मश्री शमशाद बेगम ने महिला कमाण्डो द्वारा किये जा रहे कार्य नशामुक्ति, स्वच्छता, बालविवाह रोकथाम, महिला साक्षरता, जल संरक्षण पर्यावरण आदि के संदर्भ में जानकारी दी। इस अवसर भीमेश्वरी सांडिल्य, रफीक खान तथा सदस्य उपस्थित थे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक कल

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 मई को 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने कहा उक्त बैठक में प्रांतीय स्तर पर हुए चुनाव के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी साथ ही पेंशनरों के महगाई भत्ते की घोषणा नहीं किए जाने पर विचार किया जायेगा।

### युवा जागरण शिविर 26 से 30 मई तक

**बालोद।** नगर में ब्लॉक स्तरीय युवा जागरण शिविर का आयोजन गायत्री शक्ति पीठ बालोद में 26 मई से 30 मई तक किया जा रहा है। जिसमें विशेष मार्गदर्शन, व्यक्तित्व निर्माण, नशामुक्त अभियान, कैरियर निर्माण, गायन, पली वादन, कर्मकांड पर विशेष प्रशिक्षण होगा।

### नशे की दवा के साथ दो गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे का टेबलेट तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि मंगल पान ठेला बैकुण्ठ धाम के पास कैम्प 2 भिलाई में अपने पास नशीली टेबलेट की गोली रखकर युवक ग्राहक तलाश कर रहे थे। घेरा बंदी कर दो युवकों को पकड़ा गया है। पूछताछ करने पर युवकों ने सड़क 18 कैंप 1 निवासी रवि सिंह और नेहरु चौक कैं 1 मौसीन खान उर्फ राजा अपना नाम बताया है। युवकों के पास से 600 नग अल्फोजोलम टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत 8500 रूपये आंकी गई है। इसके अलावा 720 नग प्रोक्सिएम एसपा टेबलेट 9 रूपये आंकी गई।

### फरार युवक पुलिस के गिरफ्त में

**भिलाई।** घर को डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास कर चाकू लहराने वाले फरार युवक को पुलिस ने पकड़ा है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 328 (जी), 62, 190(3), बीएनएस, 25, 27, आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# अंग्रेजी की धुन में संस्कार और हिंदी से मुंह मोड़ना भारतीय संस्कृति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ सशिमं प्रार्चायों और प्रधानाचार्यो का गुणवत्ता विकास पर बैठक हुई

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के तत्वाधान में दुर्ग विभाग स्तरीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के समिति पदाधिकारियों प्राचार्यो प्रधानाचार्यों की उतरोतर गुणवत्ता मंथन बैठक थानखम्हरिया सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को आयोजित हुआ। जिसमें सरस्वती शिक्षा संस्थान संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू, प्रादेशिक सचिव विवेक सक्सेना प्रांतीय परीक्षा संयोजक भानुप्रकाश सोनी, संभाग के पूर्व सह सचिव हरीश लूनिया, दुर्ग विभाग प्रमुख राघवेन्द्रनाथ मिश्रा, जिला प्रतिनिधि निलेश शर्मा, स्थानीय विद्यालय समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया, नए संभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू, संभाग समन्वयक दीपक सोनी एवं जामगांव आर, बटरेल, दुर्ग, देवकर, साजा, बेमेतरा, कवर्धा सहित 19 नगरीय विद्यालयों के समिति पदाधिकारी प्राचार्य प्रधानाचार्य शामिल हुए। आयोजक विद्यालय परिवार ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी आगंतुकों का सम्मान किए।

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के संगठन मंत्री डॉ देवनारायण ▶▶| शेष पेज 11 पर

## सशिमं के विद्यार्थी अंग्रेजी भाषा की शिक्षा में है प्रवीण



### दूर-दूर से पाबंद समय पर पहुंचे सेवा के लिए समर्पित समाजसेवी

शनिवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित बैठक में 125 किमी दूरी तक पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के अध्यक्षों एवं व्यवस्थापकों ने उपयुक्त समय पर बैठक में पहुंच कर विचार मंथन में भाग लिए, विदित हो कि ये सभी समाजसेवी अपने व्यक्तिगत टाइट शेड्यूल में से समय निकाल पहुंचे और पूरे टाइम उपस्थित रहकर संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू और प्रादेशिक सचिव विवेक सक्सेना का मार्गदर्शन ध्यान पूर्वक सुने और उत्पन्न जिज्ञासा भी शांत किए। 19 नगरीय विद्यालय के 48 समिति पदाधिकारी 26 प्राचार्य प्रधानाचार्य 10 प्रांतीय विभागीय अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दिए। संचालन संभाग समन्वयक दीपक सोनी आभार विभाग प्रमुख राघवेन्द्रनाथ मिश्रा ने किया।

## अभियान : 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे

# प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे चरण का शुभारंभ आज सीएम करेंगे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलीकॉप्टर से औचक किसी भी गांव में पहुँचकर लोगों से मुलाकात करेंगे और चौपाल लगाएंगे

संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी भी हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से दी जा रही है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा अनुविभागीय दंडाधिकारी नूतन कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे चरण का शुभारम्भ 5 मई से होगा। इसको लेकर शासन-प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण 31 मई तक चलेगा।

इस दौरान 08 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे तथा आवेदकों से भेंट कर उनकी समस्याओं के निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। तीसरे चरण में मुख्यमंत्री स्वयं हेलीकॉप्टर से औचक रूप से किसी भी गांव में पहुँचकर लोगों से मुलाकात करेंगे और चौपाल लगाकर गांव के विकास और वहां पर पदस्थ मैदानी अमले की कार्यशैली के बारे में लोगों से जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय इस दौरान शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण एवं विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का भी मुआयना करेंगे।

### गांव-गांव में सुशासन का संदेशः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे जनता से सीधा संवाद, मिलेगा आमजन को योजनाओं का लाभ



### नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे



तीसरे चरण में शासन की प्राथमिकता आम जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। समाधान शिविरों में हितग्राहियों को योजनाओं के आवेदन प्रपत्र प्रदान किए जाएंगे और पात्रता के अनुसार योजना से लाभ दिलाने की कार्यवाही भी की जाएगी। समाधान शिविरों में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित भी किया जाएगा। दल्लीराजहरा अनुविभागीय दंडाधिकारी नूतन कंवर के कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सुशासन तिहार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया है। यह अभियान केवल आवेदन संग्रह या समस्या निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राज्य के शासन-प्रशासन और जनता के बीच सेतु बन गया है।

### 40 लाख से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए

यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य में शासन-प्रशासन को संवेदनशील, जनोन्मुखी और पारदर्शी बनाने के साथ ही जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण का शुभारंभ 08 अप्रैल को हुआ था। इसके तहत 11 अप्रैल तक प्रदेश की जनता से ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में शिविर लगाकर समस्याओं और मांगों के संबंध में आवेदन लिए गए। आम जनता अपने आवेदनों को सहजता से शासन-प्रशासन तक पहुंचा सके, इसके लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालयों तक प्रमुख स्थानों पर समाधान पेटियां रखी गई, जिसमें लोग अपने आवेदन डाल सके। ऑनलाईन आवेदन लेने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। सुशासन तिहार के पहले चरण में प्रदेश की जनता से 40 लाख से अधिक आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें मांग, समस्या और शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। जिला प्रशासन द्वारा समर्पित प्रयासों से इन आवेदनों को विभागवार वर्गीकृत कर सुराज अभियान के पोर्टल पर अपलोड किया गया है, और निराकरण की प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ जारी है। संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी भी हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से दी जा रही है।

## ब्लैकमेलिंग एवं सायबर फ्राड मामले में दो और आरोपी बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ प्रार्थी से उसके बेटे के केस मे फंसने का झांसा देकर ठगी की थी

पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में बालोद पुलिस कोएक और बड़ी सफलता मिली, ब्लैकमेलिंग सायबर फ्राड के 02 आरोपी को गोपालगंज (बिहार) से गिरफ्तार किया गया। आरोपियो ने प्रार्थी को उसके बेटे के केस मे फंसने का झांसा देकर ठगी की थी। प्रकरण में पुर्व में एक आरोपी बिहार निवासी कृष्णा यादव की मैसूर कर्नाटक से गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रकरण में अब तक कुल 03 आरोपी गिरफ्तार किये गए। आरोपी द्वारा अपने साथियों को अपना खाता नम्बर, सीम व एटीएम मुहैया कराया था।

घटना 26 मई 2024 की है, अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा वाट्सअप वाईस काल करके बोला गया कि मै थाना बालोद से बोल रहा हूं, आपका लड़का बलात्कार केश में फंस गया है, उसको निकालना चाहते हो तो मेरे खाता नम्बर में पैसा डालना पड़ेगा, कहकर प्राथएँ खपरी थाना व जिला बालोद निवासी युगल किशोर साहू पिता झाडू राम साहू 56 वर्ष को धोखा देकर प्राथएँ से कुल रकम 01 लाख 90 हजार रू अपने खाता में डलवाकर धोखाधड़ी किया गया। जिसकी रिपोर्ट प्राथएँ द्वारा थाना बालोद में करने पर आरोपी के खिलाफ धारा 420, 34, 411, 413, 120(बी) भादवि ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की दो वाहन किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




सशक्त एप्प से चोरी के वाहन को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। प्रतिदिन शाम को किए जाने वाले पेट्रोलिंग के दौरान थाना डौंडी स्टॉफ पेट्रोलिंग टीम को पता चला कि लावारिस स्थिति में एक मोटर सायकल रेस्ट हाउस के पीछे में भंडारीपारा के पास खडी है।

थाना स्टाफ द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेबी 4469 को सशक्त एप्प में चेक किया गया। जो थाना डौंडी के धारा 303(2) बीएनएस में चोरी का होना पाए जाने से वाहन को थाना डौंडी लाकर सुरक्षित रखा गया एवं वाहन मालिक को सूचित किया गया। इसी तरह एक अन्य मामले मे थाना डौंडी के स्टाफ द्वारा की जा रही प्रातः पेट्रोलिंग के दौरान बीरबल निषाद के घर के सामने डौंडी में लावारिस हालत में एक मोटर सायकल मिली। लावारिश मिले मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एलएम 0321 को सशक्त एप के माध्यम से चेक किया गया, तो पता चला।

मोटरसाइकिल थाना डौंडी अंतर्गत चोरी हुआ है। मोटरसाइकिल क्रमांक बह 07 एम 0321 को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया, वहाँ मालिक को सूचित किया। थाना डौंडी के स्टाफ द्वारा सशक्त एप्प के माध्यम से दो मोटरसाइकिल चोरी के वाहन को बरामद करने में सफलता मिली है।

## पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी सहित 15 पार्षद कार्यक्रम में शामिल हुए

# गुप्ता कालेज के स्नेह व सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घनश्याम सिंह गुप्त शासकीय महाविद्यालय बालोद में स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष तोमन साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष नगर पालिका सभापति राजू पटेल, वार्ड 15 के पार्षद आदिवासी नेता गोकुल ठाकुर, समाज सेवी सुरेश निर्मलकर व अन्य अतिथि मंचासीन थे। इसनम दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।



अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता और सरस्वती माता की पूजा अर्चना किया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य खलखो ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रेडक्रॉस के प्रदेश अध्यक्ष तोमन साहू ने कॉलेज से जुड़े अपनी पुरानी यादों के संस्मरण सुनाए, कॉलेज के इतिहास के बारे में जानकारी दी, विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने जीवन का स्वर्णिम काल जो इस महाविद्यालय में दे रहे हैं उसमें अपना शत प्रतिशत दें, क्योंकि यह समय दोबारा नहीं आता है और यहां से आप अपना भविष्य तय करने वाले है। जनभागीदारी के अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने कहा कि विगत दिनों जो बैठक जनभागीदारी की हुई थी उसमें कॉलेज के हित को ध्यान में रखते हुए बहुत सारे विषयों पर सहमति बनी है, आने वाले समय में कॉलेज के विकास के लिए काम किया जाएगा, कॉलेज के लिए नगर पालिका अध्यक्ष से विभिन्न मांगें की। नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि आज अपने वह दिन याद आ गए जब हम भी कॉलेज में पढ़ते थे, मैं विद्यार्थियों से कहना चाहूंगी कि आप अपने जीवन में कोई भी क्षेत्र को चुने उसके लिए तन्मयता से अपना मन लगाकर कार्य करें, तभी आपका भविष्य उज्जवल होगा और आपके माता–पिता को आप पर गर्व होगा, क्योंकि आप बालोद के, प्रदेश के और देश के भविष्य हो, आज जो मांगे मेरे समक्ष जनभागीदारी अध्यक्ष भाई अमित ने रखी है, इस कॉलेज के लिए आने वाले कुछ दिनों में मांगों को पूर्ण किया जाएगा।

### वाटर कूलर मशीन देने की घोषणा

चैबर ऑफ़ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष राजू पटेल ने महाविद्यालय को वाटर फिल्टर देने की घोषणा की, अतिथियों के उद्बोधन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। अंत में आभार प्रदर्शन छात्र संघ प्रभारी मानकर ने किया।

# सुशासन तिहार जनसंवाद का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



■ 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में आयोजित इस अभियान से जनता को मिल रही राहत

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा 'सुशासन तिहार' प्रदेश में शासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास का एक सशक्त माध्यम बन गया है।

बालोद की जिलाधीश श्रीमति दिव्या उमेश मिश्रा ने हरिभूमि से विशेष चर्चा में कहा कि यह अभियान प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो आम जन तक शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है,, बालोद जिला कलेक्टर श्रीमति दिव्या मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक तीन चरणों में आयोजित यह अभियान पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य शासन को जन-केंद्रित बनाना, जन सरोकार, जन विश्वास को मजबूत करना और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करना है।

**10 स्ट्रीट लाइट्स से जगमगाने लगा :** विशेष रूप से जिले के सुदूर क्षेत्रों में, जहां प्रशासन की पहुंच सीमित ▶▶| शेष पेज 11 पर

### आनलाइन आवेदनों का भी निपटरा

पहले चरण में जनता जनार्दन से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी, ऑनलाइन पोर्टल और शिविर के माध्यम से आवेदन एकत्र प्राप्त किये गए। द्वितीय चरण में इन आवेदनों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है, जबकि तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, मंत्री और जनप्रतिनिधि जनता से रूबरू होंगे। यह अभियान न केवल समस्याओं का समाधान कर रहा है,इस अभियान का उद्देश्य स्पष्ट और व्यापक हैं। जनता की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण, शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करना और जनता-शासन के बीच संवाद का सेतु बनाना।

# 3 दिन में 50 मिमी बारिश, 121 हेक्टेयर में लगे केले, पपीते तबाह

भिलाई। गुरुवार को आई अंधड़ -तूफान के कहर से हुए नुकसान से उबर ही नहीं पाए थे कि दूसरे दिन फिर से हालात वैसे ही बन गए। शनिवार को शाम 4 बजे तेज अंधड़ के साथ अच्छी बारिश भी हो गई है। । पिछले तीन दिनों में ही दुर्ग जिले में 50 मिलीमीटर बारिश हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी बिजली व्यवस्था को लेकर आई। जैसे-तैसे विभाग ने बिजली शुरू की थी और शाम फिर से यह ध्वस्त हो गई। कई जगह बिजली के तार फिर से टूट गए हैं। जिसकी वजह से शहर और गांव में घंटों बिजली बंद रही।



### पिछले तीन दिनों में बारिश की स्थिति

| | |
|---|---|
| 1 मई- | 18.6 मिलीमीटर |
| 2 मई- | 20.8 मिलीमीटर |
| 3 मई- | 10.6 मिलीमीटर |

### गरज-चमक के साथ तेज बारिश

शनिवार को पूरे दिन तेज धूप निकली रही। एक दिन पहले हुई बारिश और उसके बाद तेज धूप ने उमस के हालात उत्पन्न कर दिए। लोग इससे खासे परेशान थे। लेकिन शाम 4 बजे आसमान को काले बादलों ने घेर लिया। घना अंधेरा भी छा गया। कुछ देर बाद तूफान ने अंधड़ के साथ दस्तक दी। आसमान पर धूल के गुबार छा गए। करीब 20 मिनट तक आसमान पर ऐसा नजारा दिखा। फिर गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने लगी। इस बारिश को देखकर ऐसा एहसास होने लगा कि जैसे प्री मानसून ने दस्तक दे दी है।

### एक-दो दिन ऐसा ही रह सकता है मौसम

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उससे लगे क्षेत्र में 3.1 किलोमिटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण-पूर्व राजस्थान से उत्तर दक्षिण तमिलनाडु तक गुजरात, महाराष्ट्र, अंदरूनी कर्नाटक होते हुए, 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से उत्तर उड़ीसा तक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए, 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 4 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है ।

### तार व पेड़ों की टहनियां फिर टूटीं

अंधड़-तूफान से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तार फिर से टूट गए। जिसकी वजह से दुर्ग ग्रामीण क्षेत्रों में शाम को बिजली बंद रही। सड़क किनारे पेड़ों की टहनियों फिर से टूटी मिली। हालांकि कोई बड़ी क्षति की खबर नहीं है।



### धमधा के 38 किसानों ने 138 हे. में लगाए केले

पिछले तीन दिनों में हुई तेज बारिश से किसानों के केले व पपीते की फसल ज्यादा तबाह हो गई है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला उद्यानिकी विभाग ने सर्वे करवाया। इस सर्वे में धमधा ब्लॉक में सबसे ज्यादा फसल को क्षति पहुंची है। यहां के 38 किसानों के 121 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगे केले व पपीते की फसल बर्बादी के चपेट में हैं। ज्यादातर किसानों की फसल को 50 से 80 फीसदी क्षति पहुंची है। जिला उद्यानिकी उप संचालक सुरेश ठाकुर ने बताया कि जिन किसानों का बीमा है उन्हे इसका लाभ मिलेगा लेकिन जिन किसानों का बीमा नहीं है और फसल 33 फीसदी से ज्यादा बर्बाद हुई है तो उन्हे आरबीसी6-4 के तहत क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### खजुरीताल में बिखेरी छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति की छटा

**भिलाई।** हर साल की भांति इस साल भी खुजरीताल मैहर मध्यप्रदेश के गुरुकुल आश्रम में जगद्गुरु रामानंदचार्य स्वामी रामललाचार्य के सानिध्य में परशुराम जयंती पर 5 दिवसीय पाटोउत्सव मनाया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की छटा बिखरी। आयोजन में दुर्ग पाटन के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पहली बार डॉ. लिलेश्वर सिंह कृत रामायण आर्क्रेस्टा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, वेशभूषा, भाखाबोली, सुवा, गौरी-गौरा, राउत नाचा व अन्य गीतों में लोग झूमने लगे। जगद्गुरु ने भी तारीफ कर अपने हाथों से कलाकारों का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। पाटन से गए कलाकार हरीश साहू ने छत्तीसगढ़ की संकृति को बखूबी बारीकियों को मंच के माध्यम बताया। डॉ. मीनाक्षी पांडे व अभिनेता, मुख्य गायक डॉ. लिलेश्वर सिन्हा ने अपने गायन से समां बांधा। अरुण, मुकेश, घासीराम, गायिका दीपमाला और रिंकी ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### एचएमएस ने मई दिवस व मधु लिमये का जन्मदिन मनाया



**भिलाई।** भिलाई श्रमिक सभा द्वारा यूनियन कार्यालय में मई दिवस और समाजवादी नेता मधु लिमये का जन्म दिवस मनाया गया। शिकागो में शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि और स्व .लिमये के चित्र पर यूनियन अध्यक्ष एचएस मिश्रा माल्यार्पण किया। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चन्देल, उपाध्यक्ष अशोक पंडा व महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे। श्री मिश्रा मजदूरों की समस्याओं के निदान के लिए एकजुटता पर जोर दिया। प्रेम सिंह ने पर्यावरण की रक्षा के लिए 5 पौधे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सचिव वीके पटेल, विशाल कुमार एनके सिंह, त्रिलोक मिश्रा व ए चिन्नय्या एससी रथ गुलाब चंद सोनी कार्यालय सचिव सावित्री मिश्रा, अर्जुन, रमेश पांडे आरएस मौर्य दयाल दास, ज्ञान दास, राम दयाल कपिलदेव आदि उपस्थित थे।

### डिजीटल साक्षरता के जरिए ठगी से बचने बताई तरकीब

**दुर्ग।** हेल्पेज इण्डिया के प्रतिनिधि मुकेश चेलक ने डिजिटल साक्षरता के तहत ठगी से बचाव तरीकों से पेंशनर्स को अवगत कराया। उन्होंने हेल्पेज इण्डिया के द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## सौगात : आखिरकार आईआईटी की तरह भिलाई को मिला उसका हक

# बर्नपुर की जगह यूनिवर्सल रेल मिल बीएसपी में लगेगी

### छह हजार नौ सौ करोड़ की लागत के मेगा प्रोजेक्ट को

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

आखिरकार आईआईटी की तरह बहुप्रतीक्षित नई रेल मिल मेगा प्रोजेक्ट को लेकर भिलाई को अपना हक मिल गया है। अब भिलाई इस्पात संयंत्र के एक्सपांशन -2 के तहत प्रस्तावित अत्याधुनिक नई यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल भिलाई में ही बनेगी। इसके लिए सेल बोर्ड दिल्ली ने हरी झंडी दे दी है। 6 हजार 9 सौ करोड़ की लागत से निर्माण होने वाली इस मिल को भिलाई में बनाने के प्रस्ताव को स्टेज एक अनुमोदन मिल गया । मिल की क्षमता 12 लाख टन प्रतिवर्ष होगी । इसमें 9 लाख टन रेल और 3 लाख टन स्ट्रक्चरल है । यह मिल 4 साल में बनकर तैयार होगी। इस मिल निर्माण यूनिवर्सल रेल मिल के बगल में स्थित सीएमओ वेयरहाउस के स्थान पर किया जाएगा । यह देश की पहली ऐसी मिल होगी, जिसमें हीट ट्रीटमेंट के साथ रेल का निर्माण किया जाएगा। इसमें निर्मित रेल की क्षमता सामान्य रेल से कई गुना ज्यादा है। खास यह है कि हरिभूमि ने अपने 13 अप्रैल के अंक में बीएसपी से मेगा प्रोजेक्ट छिना शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।3 साल पूर्व यहां लगने वाली उच्च क्षमता वाली नई रेल मिल को इस्को बर्नपुर में शिफ्ट किया जा चुका था और निर्माण की तैयारी भी शुरु हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे



बीएसपी एक्सपांशन प्रोजेक्ट का फंड इस्को में सेल कर रहा निवेश
बीएसपी से मेगा प्रोजेक्ट छिना, अब इस्को बर्नपुर में बनेगा मेगा यूनिवर्सल रेल मिल

ने बीएसपी के सामने आर - 350 एचटी (हिट ट्रीटेड) रेल की मांग रखा था । इसका निर्माण करना वर्तमान रेल मिल में संभव नहीं है। वर्तमान में रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में आर 260 60 ई-1 रेल बनाया जा रहा है।बीएसपी को हर वर्ष भारतीय रेलवे से 13.5 लाख टन रेल का आर्डर मिलता है, जिसकी आपूर्ति बीएसपी द्वारा की जाती है । रेलवे ने 2032 तक आर-350 एचटी रेल के ऑर्डर को क्रमशः बढ़ाते हुए 13.5 टन करने तथा मौजूदा समय में आपूर्ति किए जा रहे आर 260 60ई-1 रेल के आर्डर को क्रमशः घटते हुए 50 हजार टन करने का निर्णय लिया है इसीलिए आर-350 एचटी रेल बनाने के लिए नए यूनिवर्सल रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल की आवश्यकता है। उच्च स्तरीय आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक 29 अप्रेल को दिल्ली में 29 अप्रेल को हुई सेल बोर्ड की अहम बैठक में नई रेल मिल बीएसपी में ही निर्माण करने के प्रस्ताव को स्टेज -1 के मंजूरी दे दी है। इसके दूसरे दिन सेल चेयरमेन ने भी सेल सेमीनार में इस मिल को बीएसपी में ही लगाने का ऐलान किया।



### आर 350 एचटी रेल से मालगाड़ी की बढ़ेगी स्पीड

नई अत्याधुनिक रेल में उत्पादित एचची रेल से रेलवे के के साथ बीएसपी को भी लाभ होगा। आर-350 एचटी रेल की क्षमता हर मायने में वर्तमान समय में आपूर्ति किए जा रहे आर-260 60 ई-1 रेल से बहुत ज्यादा है। बीएसपी से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आर-350 एचटी रेल पर ज्यादा वजन वाले मालगाड़ी चलाया जा सकेगा । वहीं गाड़ी की रफ्तार भी बढ़ेगी। वर्तमान में मालगाड़ी 50 किलोमीटर प्रति घंटा और यात्री गाड़ी 120 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से चलती है वहीं **R**350 एचयी रेल पर मालगाड़ी 100 किलोमीटर प्रति घंटा और यात्री गाड़ी 160 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से चलेगी। इसमें भारतीय रेलवे, यात्रियों, मालगाड़ी द्वारा समान, पहुंचने वाले लोगों और कंपनियां तथा बीएसपी को फायदा होगा।

### पुरानी यूआरएम में नहीं बना सकते आर 350 एचटी रेल

बीएसपी की पुरानी यूनिवर्सल रेल मिल में आर 260 60 ई-1 रेल बनाने की क्षमता 12 लाख टन है । इस मिल में आर 350 एचटी रेल बनाने की सुविधा भी उपलब्ध है यदि साल भर आर350 एचटी रेल बनाया जाए तो केवल चार लाख टन रेल ही उत्पादन किया जा सकेगा । इसकी वजह इस रेल को बनाने के लिए हीट ट्रीटमेंट करना पड़ता है जिसमें ज्यादा समय लगता है इस यूनिवर्सल रेल मिल में तेजी से हीट ट्रीटमेंट करने की सुविधा नहीं है जो नए यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में होगा। रूस की सहायता से निर्मित पुराने रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने रेल निर्माण के जगत में नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं लेकिनइस मिल में हीट ट्रीटमेंट रेल बनाने की सुविधा नहीं है। इसीलिए भारतीय रेलवे द्वारा मांगे गए **R**350 **HT** रेल पुरानी रेल मिल में बनाना संभव नहीं है।

### मुनाफे के साथ टल जाएगा निजीकरण का खतरा

नए यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मेल में हीट ट्रीटेड रेल के अलावा 400 से 1 हजार एमएम का एच बीम बनेगा। साथ ही थिक वेब एसिमिट्रिक रेल और क्रेन रेल भी बनेगा। नए मिल के साथ एक रेल वेल्डिंग प्लांट भी आएगा, जहां पर 130 मीटर के दो रेल को वेल्डिंग कर 260 मीटर का रेल बनाया जाएगा इसका भारतीय रेलवे में बड़ी मांग है। नई यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में निर्माण होने वाले रेल की कीमत सामान्य रेल से 30% से 40% ज्यादा होगी और इस मिल से बीएसपी की उत्पादनक्षमता बढ़ जाएगी और बीएसपी का निजीकरण का खतरा भी टल जाएगा।

# ट्रैफिक पुलिस का ऑपरेशन सुरक्षा से बचेगी जान

### सड़क पर अवैध कब्जों को भी हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ऑपरेशन सुरक्षा से सड़क हादसा रुकेगा और कई लोगों की इससे जान बच सकती है। सुरक्षा अभियानन के तहत ट्रैफिक द्वारा चार

■ तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई

बिंजुओं पर काम किया जा रहा है। इसे लेकर अलग-अलग बैठक लेकर दिए गए सुधार पर कार्य किए जा रहें है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर सड़क चौक,चौराहे की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करना,वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जगरूक, सड़कों को अतक्रिमण अवैध कब्जा से मुक्त, सड़क हादसों में होने वाली मौत के कारण, लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई करना है। इस दौरान 2 मई सें दुर्ग इंदिरा मार्केट में सड़क सें अवैध निर्माण हटाने नगर निगम दुर्ग के साथ कार्रवाई जारी है। सेक्टर 10 मार्केट में खड़ी कंडम वाहन मालिकों और रिपेयरिंग कार्य करने वाले गैरज संचालक को वाहन ना खड़ा करने की समझाइश दी गई। नेशनल हाईवे में खड़ी वाहनों पर नो पार्किंग कार्रवाई, अप्रैल माह में सड़क में सुधार कार्य करने , सड़क हादसों को रोकने के लिए विभिन्न बैठक जिला स्तर पर आयोजित किए गए थे। रोड सेफ्टी सेल भारत सरकार अध्यक्ष, एसएसपी विजय अग्रवाल, जिला दंडाधिकारी द्वारा विभाग की मीटिंग लेकर सड़क को बेहतर करने का निर्देश दिया था। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सड़क के चार प्रमुख बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है।

### मिलेगा जाम से निजात

प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहे का स्थल निरीक्षण आवश्यक सुधार कार्य करवाना, देर रात शराब के नशे में होने वाली सड़क हादसों को रोकने के लिए रात विशेष वाहन चेकिंग, दो पहिया में हेलमेट ना लगाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने सें होने वाली मौतो को रोकना, तेज रफ़्तार, नो पार्किंग, दो पहिया में तीन सवारी लापरवाह वाहन चालकों पर निरंतर कार्रवाई जारी है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से इंदिरा मार्केट से अवैध निर्माण सड़क से अतक्रिमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इंदिरा मार्केट में ट्रैफिक जाम की समस्या से जल्द निजात मिलेगी।

## पहलगाम की घटना को लेकर आतंकवादियों का पुतला दहन



**भिलाई।** युवा शक्ति समिति चरोदा द्वारा करण गुप्ता के नेतृत्व में हनुमान मंदिर के पास जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा क्रूरता पूर्वक निर्दोष हिंदुओ की हत्या की निंदा किया। इस दौरान युवा शक्ति के द्वारा इस्लामिक आतंकवादियों का पुतला दहन भी किया है। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाये गए। पुतला दहन के बदा सभी ने मिलकर आत्मा की शांति के लिए मौन रखा। पुतला दहन में युवां नेता पुष्पराज सिंह, करण गुप्ता, सागर साहू, धनंजय सिंह, गौरव तांडी, गुड्डु भारती, रोहित केवट, अजय साहू, अंशु ठाकुर, अंशु तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, विक्की महतो, अनुप नायक, हिमांशु वर्मा, घिनिश साहू, वेदांत मिश्रा, एकांत चंद्राकर, देवेश, दिनेश सोना समेत सैकड़ों की संख्या में युवा मौजूद थे।

# टाउनशिप में बिजली की आंख मिचौनी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



अंधड़ बारिश से बदले मौसम के चलते शनिवार को तीसरे दिन भी

■ मरोदा सेक्टर में देर रात तक बिजली गुल

टाउनशिप में बिजली की आंख मिचौली का खेल चलते रहे। कई सेक्टरों में घंटों लाइट बंद होने से लोग उमस से परेशान रहे। रात में मच्छरों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। मड़ौदा सेक्टर में सुबह एक घंटे बिजली गुल रही। इसके बाद शाम करीब 4 बजे से रात दस बजे तक बिजली नहीं आई थी। रहवासियों ने बताया कि तीन दिन से घंटों अंधेरे, उमस और मच्छरों की समस्या झेल रहे हैं। सेक्टर 6, सेक्टर 8 और 7 में भी बिजली आती जाती रही। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग और उद्यानिकी की टीम आज भी बिजली खंभों पर गिरे पेड़ों की डालियों को हटाने और बिजली बहाली में जुटी रही। सेक्टर 6 के एमजीएम कालोनी क्षेत्र और सेक्टर 6 मार्केट क्षेत्र में आज दोपहर लाइट गुल रही। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शुक्रवार को देर रात तक बिजली नहीं थी। वहीं शुक्रवार को आईजी बंगला में भी घंटों लाइट गुल रही। विद्युत अभियांत्रिकी टीम वहां घंटों फाल्ट ढूंढ़ने के साथ मेंटेनेंस में जुटी रही।

## सीटू ने प्रबंधन से की मरीजों को राहत दिलाने की मांग, मिला आश्वासन

# जेएलएन अस्पताल के ओपीडी में लिफ्ट नहीं, मरीजों हैं परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 9 जेएलएन अस्पताल में ओपीडी में लिफ्ट नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें प्रथम तल पर

■ तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई

व्हीलचेयर और स्ट्रेचर पर घूमकर जाने मजबूर होना पड़ रहा है। हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर जल्द लिफ्ट लगवाने की मांग की है। महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया है।

सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि ओपीडी में लिफ्ट न होने के कारण प्रथम तल में मरीजों को जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सेक्टर 9 अस्पताल के ओपीडी के प्रथम तल में नेत्र चिकित्सा विभाग, नाक कान गला चिकित्सा विभाग, दंत चिकित्सा विभाग, चर्म रोग चिकित्सा विभाग पीडियाट्रिक विभाग और ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर मौजूद हैं। कई बार मरीज व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर पर आते हैं। ऐसेमरीजों को प्रथम तल में ले जाने के लिए लिफ्ट की आवश्यकता होती है।ओपीडी में लिफ्ट लगाने के लिए सीटू पहले भी मांग कर चुकी है। जब A1 वार्ड के पास का लिफ्ट खराब हो गया था और वहां नया लिफ्ट से रिप्लेस किया जा रहा था तब ओपीडी में भी लिफ्ट लगाने की बात उठी थी लेकिन बाद में उस पर कोई प्रगति नहीं हुई।जब भी व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर से मरीज को ओपीडी के प्रथम तले में इलाज हेतु आना होता है उन्हें A1 वार्ड A3 वार्ड अथवा एच - जीरो वार्ड के पास लगे लिफ्ट से प्रथम तले में लाकर वहां से घूम कर आना पड़ता है। कैजुअल्टी में भी लिफ्ट मौजूद है लेकिन उस लिफ्ट को इमरजेंसी के समय मरीज को कैजुअल्टी से आईसीयू में पहुंचने के लिए रिजर्व रखा गया है। इसीलिए इस लिफ्ट का इस्तेमाल ओपीडी में मरीज को ले जाने के लिए नहीं किया जाता है।





### रैम्प से लाने में होती है दिक्कत

ओपीडी के पास रैम भी बना हुआ है जिससे मरीज को व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर में ओपीडी के प्रथम तले तक ले जाया जा सकता है । लेकिन व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर पर मरीज को रैम्प से प्रथम तले में ले जाने के लिए कम से कम दो से तीन अटेंडेंट की आवश्यकता पड़ती है। इसीलिए मरीजों को रैम से प्रथम तले में जाना संभव नहीं हो पाता है। इससे गंभीर और बुजुर्ग व महिला मरीजों को अधिक परेशानी होती है। यूनियन ने मांग की कि लिफ्ट लग जाने से मरीजों को राहत मिलेगी। सीटू की टीम ने अस्पताल के महाप्रबंधक प्रशासन शाहिद अहमद से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि ओपीडी में लिफ्ट लगाने के मामले में प्रारंभिक तैयारियां की जा चुकी है । जल्द ही प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# शांति नगर में 1 रुपए के किराए में मिलेगा हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के लोगों के लिए अच्छी खबर है, अब उन्हें हेलमेट खरीदने की जरुरत नहीं है। हेलमेट उन्हें किराए में मिलेगा।

इसके लिए दिन के हिसाब से उन्हें महज 1 रुपए देने होंगे। शांति नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर के करीब इसका काउंटर खोला गया है, जहां आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी बुक, राशनकार्ड और अन्य दस्तावेजों की फोटोकॉपी जमा करने पर उन्हें हेलमेट उपलब्ध कराया जाएगा। पहले दिन कैम्प क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड, फौजीनगर, सुपेला के लोगों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 15 लोग देर शाम हेलमेट लेकर भी गए। जानकारी के मुताबिक पूरे भिलाई शहर के लोगों के लिए इस हेलमेट अवेयरनेस अभियान की शुरुआत की गई है। दुर्ग के लोग भी यदि पहुंचते हैं, तो उन्हें भी हेलमेट उपलब्ध कराया जाएगा। 30 दिन में पंजीयन रिनुवल किया जाएगा।

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन की पहल पर जनसहयोग से इस अभियान को शुरू किया गया है, जिसमें लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हेलमेट बैंक में फिलहाल 5 हजार हेलमेट उपलब्ध कराए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने इसका उद्घाटन किया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन इस दौरान मौजूद थे। इस दौरान हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहनन पहनने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

**खबर संक्षेप**

## एक बदमाश जिला बदर

दुर्ग। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शेख अब्बास को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर बदमाशों के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में शेख अब्बास पिता महबूब खान निवासी केम्प 2 चटाई क्वार्टर दीपक स्पोर्ट्स के पास थाना छावनी, तहसील व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 17 अप्रैल 2025 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना शेख अब्बास प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी शेख अब्बास पिता महबूब खान थाना छावनी दुर्ग का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना छावनी में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 17 प्रकरण दर्ज है।

## समाधान शिविर का आयोजन आज से

दुर्ग। जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय चरण 5 से 30 मई तक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। तीसरे चरण का यह शिविर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथियों एवं स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। जिले में नगरीय क्षेत्र में 52 और ग्रामीण क्षेत्र में 21 इस प्रकार कुल 73 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। शिविर सोमवार 5 मई को ननि दुर्ग में वार्ड 7 तिलक उमावि शिक्षक नगर, ननि रिसाली में वार्ड 39 जगदम्बा चौक पुरैना, नगर पालिका परिषद जामुल में तरूण सांस्कृतिक भवन वार्ड 3 नपं. उतई में, कार्यालय नपं. उतई और नगर पंचायत धमधा में डॉ अम्बेडकर भवन धमधा में शिविर का आयोजन किया गया है।

# चार से चौदह वर्ष के छह हजार से अधिक बच्चे कुपोषण के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में साढे पांच हजार से अधिक बच्चे मध्यम कुपोषण की स्थिति झेल रहे है। वहीं करीब 770 बच्चे गंभीर कुपोषण के शिकार हैं। विगत दिनों महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने जिले में कुपोषण के आंकडे कम करने आगामी छः माह की मोहलत दी हैं। जिसे लेकर जिले में अभियान चलाया जाएगा।

अफसरों ने बताया कि, जिले में कुपोषण के खिलाफ अब निर्णायक जंग लड़ी जा रही है। पाटन विकासखंड के बाद अब बाकी विकास खंडों को भी कुपोषण से मुक्त किया जाएगा। जिले में मात्र 770 बच्चे ही कुपोषण के शिकार हैं।

वहीं कुपोषित और मध्यम कुपोषित 5669 को श्रेणी में रखा गया है। इन बच्चों की आयु 4 वर्ष से 14 वर्ष तक की है। लगभग 75 फीसदी बच्चे सामान्य श्रेणी के मिले हैं। राज्य शासन ने 6 महीने के भीतर दुर्ग जिले को कुपोषण से मुक्त करने का लक्ष्य दिया है। उल्लेखनीय है कि, कुपोषण के नाम पर राज्य शासन द्वारा हर वर्ष मोटी रकम खर्च की जाती है। इसके बाद भी जिले में कुपोषण के आंकडे कम नही हो रहे है।

### छह माह के भीतर जिले को कुपोषण मुक्त करने चलेगा अभियान

#### जिले में चलेगी मुख्यमंत्री पोषण आहार योजना

दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पोषण आहार योजना भी चलाई जा रही है। पूरे जिले में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता और महिला बाल विकास विभाग का महकमा पूरी शिद्दत से कुपोषण अभियान को गति देने में लगा हुआ है। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हाल ही में दुर्ग जिले का दौरा कर अभियान की समीक्षा भी की थी। मंत्री ने कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए एक ठोस कार्ययोजना पर काम करने का निर्देश दिया था।



#### कुपोषण का प्रतिशत 31.3 फीसदी

राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 (2015-16) के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुपोषण की दर 37.7 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2020-21) के अनुसार घटकर 31.3 प्रतिशत रह गई है। इस प्रकार पिछले 5 वर्षों में कुपोषण की दर लगभग 6.4 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य शासन द्वारा कुपोषण दूर करने जच्चा और बच्चा दोनो के सेहत पर नजर रखने बिन्दुवार निर्देश भी जारी किए गए है। वही मैदानी स्तर पर काम करने वाले आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे।

#### चलाएंगे अभियान

जिले में कुपोषण के आंकडों को कम करने अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती और कुपोषित बच्चों पर नजर रखी जा रही है। आगामी दिनों आंकडों में और भी गिरावट जाएगी।

-आरके जामुलकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्ग

**अव्यवस्था : 18 वाटर एटीएम एक करोड़ 56 लाख रूपए खर्च कर लगे थे**

# शहर में करोड़ों का लगा वाटर एटीएम लेकिन प्याऊ घर से बुझ रही प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा डेढ करोड रूपए से अधिक की राशि खर्च कर शहर के डेढ दर्जन इलाको में वाटर एटीएम लगाए गए है। लेकिन वर्तमान में एक भी एटीएम पिछले कई सालों से चालू नही हैं, जिससे कबाड हो गई है। मेटेनेन्स नही होने के कारण करोडों रूपए का एटीएम काम का नही रहा, जबकि शहरवासियों की प्यास प्याउ घर से बुझ रही है। शहर में लगे दर्जनभर से अधिक प्याउ घर इन दिनों शहरवासियों की प्यास बुझा रही हैं।

जानकारी अनुसार नगरनिगम द्वारा वर्ष 2018 में 1 करोड 56 लाख 60 हजार रूपए की लागत से लगाई गई लाखों रूपए का वाटर एटीएम कबाड हो गया हैं। आगामी 2025 तक ठेकेदार को एटीएम मशीन का रखरखाव करना था। नगरनिगम की निगरानी में ठेकेदार से कार्य कराना था। लेकिन निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर में लगे 18 एटीएम कबाड हो गए हैं। नगरनिगम में वर्ष 2018 में 18 वाटर एटीएम लगे थे। इसके लिए यूरो केयर नामक कंपनी को कार्य दिया गया था। एक वाटर एटीएम के लिए 8 लाख 70 हजार रूपए खर्च किए गए थे। इस कंपनी को एटीएम लगाने के साथ ही आगामी सात साल तक संचालन करना था। यानि वर्ष 2025 तक मशीन में किसी भी तरह की तकनीकि खराब आने पर सुधार की जिम्मेदारी कंपनी की थी। वाटर एटीएम से शुध्द पानी राहगीरों को उपलब्ध कराना था। ठेकेदार ने तय प्लानिंग के तहत शहर के 18 जगह में प्लांट तो लगा दिए। इसके संचालक को लेकर निगम प्रशासन भी गंभीर नही दिखा और आज कही पर भी वाटर का लाभ आम लोगों को नही मिल रहा हैं। शहर में नया बस स्टैंड, बोरसी हाट बाजार, पुलगांव कपडा मार्केट, नगरनिगम के सामने एटीएम, आरटीओ कार्यालय, पद्नाभपुर समृध्दि बाजार, जिला पंचायत परिसर जैसे एटीएम बंद हैं।

### गर्मी में भी लगातार मशीन बनाने लगाते रहे गुहार, नही हुई सुनवाई



दुर्ग। दुकान के सामने इस तरह रखा गया है देशी मटका





दुर्ग। पुराना बस स्टैंड में लगा प्याऊ घर।

#### नहीं निभाई जिम्मेदारी, दफ्तरों का भी बुरा हाल

शहर में एटीएम कबाड होने के कारण सरकारी दफ्तरों में राशि खर्च लगाए गए मशीने कबाड हो गई है। जिसमें खुद नगरनिगम परिसर, जिला पंचायत भवन, कलेक्टोरेट, जनपद में आरओ मशीने खराब हैं।



#### दुकान के सामने मटका रखने का चलन

दुर्ग के पुराना बस स्टैंड में श्री सत्य सांई सेवा समिति द्वारा प्यास घर संचालित किया जा रहा है। इसके आलावा शनिचरी बाजार, नया बस स्टैंड, समृध्दि बाजार पद्नाभापुर जैसे इलाको में प्यास घर से लोगों की प्यास बुझ रही हैं। ज्यादातर दुकानों में व्यापारी वर्ग दुकान के सामने मटका रखकर लोगों की प्यास बुझा रहे है। इंदिरा मार्केट में व्यापारियों ने दुकान के सामने कैन रखा है, जिससे आवाजाही करने वालों को प्यास से न जूझना पडे।

#### शहर के इन इलाको में लगाए गए एटीएम मशीन

नगरनिगम द्वारा डेढ करोड रूपए खर्च कर शहर के अठारह स्थानो पर एटीएम लगाए गए थे। जिसमें वाटर एटीएम लोक अदालत नगरनिगम के सामने, शीतला सब्जी बाजार, पुलगांव कपड़ा मार्केट, बोरसी सब्जी (हाट) बाजार, नया गंज मंडी धमधा रोड, सिकोला सब्जी बाजार, मालवीय नगर चौक, जिला अस्पताल, सिंधिया नगर, आदित्य नगर जोन कार्यालय, राजेन्द्र पार्क के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, इंदिरा मार्केट पार्किंग परिसर, वार्ड क्र. 59 कातुलबोर्ड चौक मुख्य मार्ग में एसएएफ बटालियन के सामने, जिला अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, नया बस स्टैण्ड, दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में लगे हैं।

**निर्देश दिए**

शहर के वाटर एटीएम मशीन को चालू कराने निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही शहर के वाटर एटीएम मशीनों को चालू कराया जाएगा। -**सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

# मेयर ने कहा अवैध कब्जे हटाए, नहीं तो हम हटाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के 60 वाडों में 1 मई से 8 जून जून तक तक महापौर महा-सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। शुक्रवार को शहर के वार्ड 40 केलाबाड़ी चौक नाला व 39 इंदिरा नगर, नाला सहित मोहल्ले/गलियों में घूमकर विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और विभिन्न नाला-नालियों पर से अतिक्रमणों को हटाकर बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने और नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। महापौर ने केलाबाड़ी के भीतर नाला की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य अमले को बहुत नाराजगी जाहिर की। महापौर ने कहा कि सड़क किनारे और नालियों के ऊपर अवैध निर्माण अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर नागरिकगण भी मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार द्वारा क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और केलाबाड़ी व इंदिरा नगर के स्थानीय नागरिकों से चर्चा भी की।साथ ही साथ इंदिरा कॉलोनी वार्ड 40 में महापौर ने दिए गए निर्देश में तत्काल बड़े चैन माउंटेन को लगाकर नाला सफाई भी कार्य जारी है। साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान लेबर कोर्ट के बाजू पेड़ से टकराते हुए बिजली तार को तत्काल प्रभाव से बंद करवा कर पेड़ को साफ कर वापस बिजली तार को सही किया गया एवं किसी भी प्रकार की अपनी घटना से बचाया गया।

■ केलाबाड़ी व इंदिरा नगर के नागरिकों से की चर्चा

## युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण 5 से

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। जानकारी अनुसार 05 मई 2025 से घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी (30 दिन), 19 मई 2025 से सीसीटीवी इंस्टालेशन एवं सर्विस (13 दिन) एवं 02 जून 2025 से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी (30 दिन) प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# संगठन को मजबूत करने मंडलस्तर पर भाजपा ने शुरु किया बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ भाजपा की संगठनात्मक बैठक कार्यक्रम तय



भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्ष निर्वाचन के पश्चात संगठनात्मक बैठक प्रथम मंडलों में प्रवास कार्यक्रम तय किया गया है। जिसकी कड़ी धमधा, लिटिया बोरी और पटरी पार मंडल में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सांसद विजय बघेल जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक विधायक गजेंद्र यादव महापौर अलका बाघमार उपाध्यक्ष अरविंद खुराना मंत्री आशीष निमजे कार्यालय मंत्री मनोज सोनी मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मंडल भाजपा अध्यक्ष मनमोहन शर्मा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ उपस्थित रहे। लिटिया बोरी और धमधा मंडल की बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, धमधा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, मंडल भाजपा अध्यक्ष लोकेंद्र, ब्रह्म भट्ट बीरबल पटेल, रोहित राजपूत, कृष्णा पटेल, रमन यादव, भोमराज जैन, जोहन वर्मा, सुनील गुप्ता, दिलीप गुप्ता उपस्थित रहे।

# रेत माफियाओं की मनमानी जारी पर प्रशासन है मौन

दल्लीराजहरा। दल्लीराजहरा समीपवर्ती आदिवासी बाहुल्य विकासखंड के विभिन्न नदियों,नालों, घाटों में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का गढ़ बन चुका है। चैन माउंटेन जैसी भारी मशीनों से दिन-रात नदियों का दोहन किया जा रहा है, और बिना किसी वैध अनुमति के सैकड़ों हाईवा ट्रकों के माध्यम से रेत को चारामा, कांकेर, दुर्ग और रायपुर तक भेजा जा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क एक संगठित रेत माफिया गिरोह द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसे बालोद जिले के प्रभावशाली नेताओं और बाहरी जिलों से आए रेत कारोबारियों का संरक्षण प्राप्त है।



स्थानीय ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यह कार्य सत्तारूढ़ दल के नेताओं के नाम लेकर किया जा रहा है, जिससे कोई अधिकारी हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं कर रहा।

खनिज विभाग की टीमों की अनुपस्थिति और निरीक्षण की खानापूर्ति इस अवैध धंधे की पुष्टि करती है। ग्राम सिघनवाही ,धोतिमटोला, पचेड़ा, पटेली, घोटिया से लेकर शिवनाथ नदी के तटवर्ती क्षेत्रों तक अवैध खनन के कारण प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हो रहा है।

# शंकर नगर मैदान में बनेगा बास्केटबॉल व बैडमिंटन कोर्ट, बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम के एमआईसी भवन में शिक्षा समिति की बैठक बैठक हुई। बैठक शिक्षा विभाग प्रभारी लीलाधर पाल की अध्यता में हुई।

■ ननि के शिक्षा समिति की बैठक में प्रस्ताव

जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने प्रस्ताव भी रखे गए।

प्रभारी ने समिति की बैठक कार्यो के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही। नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले समस्त खेल मैदान व निगम द्वारा बनाए गए खेल भवन व व्यायाम शाला भवन के संचालन व संरक्षण के लिए समिति बनाने का निर्णय लिया गया। निगम द्वारा संचालित जय हनुमान व्यायाम शाला में भवन संधारण व व्यायाम सामग्री व्यवस्था के अलावा शंकर नगर पानी टंकी मैदान में बास्केट बॉल और बैडमिंटन कोट बनाने के अलावा इंटरलॉक मेट कबड्डी और जुडो मेट की आवश्यकता बताई। प्रभारी श्री पाल ने कहा वार्ड 11 हमर क्लिनिक के ऊपर जिम एवं वार्ड 16 में ओपन गार्डन सहित शहर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों में ओपन जिम खोलने का निर्णय समितियों के सदस्यों ने लिया। साथ ही निगम रहवासियों के लिए बघेरा में क्रिकेट मैदान निर्माण के अलावा शासकीय उमा विद्यालय तकियापारा वार्ड 8 में शालेय भवन में इन्टरगेम सुविधा प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।



## पेज 9 के शेष

### अंग्रेजी की धुन में संस्कार ...

साहू ने कहा कि बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कार सर्वोपरि है हिंदी मातृभाषा जिसे सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिकता देती है किन्तु अंग्रेजी भाषा का ज्ञान हमारे विद्यालय के बच्चों में प्रचुरता के साथ है तभी तो बच्चे अपने भविष्य को गढ़ते हुए डाक्टर इंजीनियर सीए आदि अच्छे और उच्चे उच्चे पदों पर पारंगत ढंग से सेवा देते हुए अंग्रेजी में अपना काम काज पूरी तरह निपटाते है। हिंदी भाषी क्षेत्रें में निवासरत लोगों के बच्चों को पर्याप्त हिंदी के ज्ञान से वंचित रखना माता पिता समाज के लिए भविष्य में समस्या खड़ी कर सकती है। केवल अंग्रेजी की धुन में संस्कार और हिंदी से मुंह मोड़ना जीवन को ना जाने कौन सी संस्कृति की ओर ले जाएगी। यह भविष्यवत ज्वलंत विचारणीय प्रश्न है जिसे प्रत्येक माता पिता को सजग होकर सोचना चाहिए। 12 शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी देते संगठन मंत्री ने बताया कि इससे बच्चों का प्रारंभिक ज्ञान प्रबल होता है। **गुणवत्ता युक्त विद्यालय का संचालन करें:** प्रादेशिक सचिव विवेक सक्सेना ने कहा कि शासन की नई शिक्षा नीति और सम सामयिक समाज में उत्पन्न हो रही प्रतिस्पर्धा का ध्यान रखते हुए सरस्वती शिशु मंदिर समिति और प्राचार्यों को अपने आपको तैयार करने की योजना अविलंब बनाना प्रारंभ कर देनी चाहिए। संस्थान का मार्गदर्शन सजगता पूर्वक विद्यालयों को समय सीमा में क्रियान्वित करना चाहिए जिससे विद्यालय की गुणवत्ता में सतत निखार आती रहेगी। संस्थान द्वारा बैठकें और प्रशिक्षण गुणवत्ता में निखार के लिए ही आयोजित की जाती है। प्रादेशिक सचिव ने संभाग के नगरीय विद्यालयों की स्थिति को ग्राफिक के माध्यम से बड़ी सरलता से समझाए अच्छाइयों और कमियों पर प्रकाश डालेऔर सतत सकारात्मक सोच के साथ कमियों को दूर करने के सचेष्ट प्रयास करने का प्रभावी मार्गदर्शन दिए। संस्कार केंद्र गांवों में प्रारंभ करने के लिए प्रेरित करते हुए महत्ता पर प्रकाश डाले।

### ब्लैकमेलिंग एवं सायबर ...

कायम कर विवेचना में लिया गया। जिला बालोद पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर आरोपी को सायबर तकनीकी सहायता से एक टीम तैयार कर गोपालगंज बिहार राज्य भेजा गया, टीम द्वारा बिहार पहुंच कर लोकल स्तर पर गांव में जाकर सूचना प्राप्त किया गया कि प्रकरण के दोनों आरोपी पंजाब व गुजरात से बिहार आए हुए है, आरोपियो को चिहंकित कर लोकल बिहार पुलिस की मदद से रेड कारवाही कर प्रकरण के दो आरोपी अंकित यादव, शिव जी प्रसाद को विधिवत गिरफ्तार कर बालोद लाया गया। जिसे गिरफ्तार कर पुछताछ करने पर अपने साथियों के साथ अपराध करना कबूल किया गया। दोनों आरोपियो को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वही मामले मे पूर्व मे बेलसांड थाना बरौली जिला भोपालगंज (बिहार) निवासी कृष्णा यादव पति स्व. चंद्रिका यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया जा चूका है।

### सुशासन तिहार जनसंवाद ...

थी, यह अभियान जनता की आवाज को न केवल सुन रहा है, बल्कि त्वरित कार्रवाई के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। मुरियापारा में जीवन राम साहू की मांग पर वहां का वार्ड क्रमांक 10 स्ट्रीट लाइट्स से जगमगाने लगा है, जिससे रात में सुरक्षा और सुविधा बढ़ी है। ब्लॉक में मंगल सिंह बैगा को 24 घंटे में ट्राइसाइकिल मिली और दिव्यांग पेंशन की पात्रता सुनिश्चित हुई है। जर्जर स्कूल भवन के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणाम समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। यह अभियान न केवल व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि सामुदायिक विकास को भी गति दे रहा है। राज्य के मैदानी इलाकों से लेकर बस्तर जैसे क्षेत्रों में फौती नामांतरण, निःशक्तजनों ट्राइसायकिल, पात्र लोगों को जॉब कार्ड, श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसे दस्तावेजों का वितरण इस बात का प्रतीक है कि सरकार प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिए संकल्पित है। यह अभियान प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता का प्रतीक है, जिसने जनता में यह विश्वास जगाया है कि उनकी छोटी-बड़ी हर मांग सुनी जाएगी। जनता में उत्साह है, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में, जहां समाधान पेटी ने ग्रामीणों की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाया है। जनता की प्रतिक्रिया कि हमारी समस्याएं सुनी गईं, इसकी सफलता को रेखांकित करती हैं। सुशासन तिहार वास्तव में छत्तीसगढ़ के विकास, जन सरोकार और जनकल्याण का नया आयाम स्थापित कर रहा है। कलेक्टर श्रीमति दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार समाधान का तिहार है।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शांतिलाल लोढ़ा के निधन पर नगर में शोक की लहर

**दल्लीराजहरा।** नगर में एक गहरा शोक छा गया है। राजहरा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष, जैन प्रेरणा



क्लब के अध्यक्ष और समाजसेवा के समर्पित प्रतीक, शांतिलाल जैन लोढ़ा उर्फ 'शांतु भैय्या' अब हमारे बीच नहीं रहे। अपने सहज, सरल स्वभाव और कुशल नेतृत्व के लिए पहचाने जाने वाले शांतिलाल जैन ने आज अपनी जीवन यात्रा पूर्ण कर प्रभु के श्रीचरणों में प्रस्थान कर लिया। उनका जाना न केवल जैन समाज, बल्कि सम्पूर्ण दल्लीराजहरा नगर के लिए अपूरणीय क्षति है। वे लगभग 15 वर्षों तक व्यापारी संघ के अध्यक्ष रहे और इस दौरान उन्होंने हमेशा व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ी।

### पति और सास ने मिलकर की मारपीट, अपराध दर्ज

**भिलाई।** तालाक देने की बात को लेकर पति और सास ने मिलकर बहू के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने पति व सास के खिलाफ पुलिस ने धारा 296,115(2),351(2),3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मकान 185 दुर्गा मंदिर निवासी प्रीति लहरे ने शिकायत किया था कि इडावती नगर कोहका निवासी विवेक लहरे से सामाजिक रितिरिवाज के साथ 2011 में विवाह हुआ था। जिससे एक 4 साल का बेटा भी है। शादी के साल भर बाद से घर में छोटी छोटी बातों और घर का खर्च को लेकर पति विवेक लहरे शराब पीकर मारपीट किया करता है। सास सुगम लहरे भी महिला पीति लहरे के साथ मारपीट करती है। 2 मई को पति विवेक ने तलाक देने की बात कहते हुए। गाली गलौज कर कर सास सुगम लहरे के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देकर लात से मारपीट करने लगे। मारपीट करने पर पीड़िता के दाहिने कथा, पसली, कान, सिर समेत शरीर में कई जगह चोट आया है।

### गल्ले से 42 हजार पार

**भिलाई।** टायर दुकान के गल्ले से रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मो. सज्जाद की सांई फर्नीचर के बाजू, नंदनी रोड जामुल में सिंकदर टायर का दुकान है। दुकान के गल्ले से अज्ञात ने 42 हजार 700 रूपये लेकर फरार हो गया। पीड़ित आसपास खोजबीन करने के बाद सूचना पुलिस को दिया है।

### ट्रक की ठोकर से सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी की मौत

**भिलाई।** फ्लाईओवर ब्रिज में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक चालक की लापरवाही के चलते एक्टिवा सवार बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि एकता नगर भिलाई तीन निवासी अय्युब खान 64 वर्ष अपनी एक्टिवा में सवार होकर फ्लाई ओवर ब्रिज होते हुए कोहका की ओर जा रहे थे। इस दौरान पावर हाउस स्थित बिहार होटल के सामने ब्रिज के ऊपर में ट्रक सीजी 04 एनएच 4417 के चालक ने चपेट में लिया। हादसे में अय्युब खान की मौके पर मौत हो गई।

## प्रवचन : नंद बाबा की गौ शाला में 90 लाख गाए थीं : पं. आकाश पांडेय

# भागवत में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई और 56 भोग लगाया







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर मे चल रही भागवत कथा मे कथा के पांचवे दिन भगवान कृष्ण जन्म पर खुब झूमे श्रद्धालु, कथा के दौरान कृष्ण की बाल लीलाओ की धूम रही। भगवान कृष्ण के जन्म व उनकी बाल लीलाओ का कथा के दौरान जीवंत प्रस्तुती हुई। इन्द्र मान मर्दन के साथ गिरीराज जी को 56 योग की प्रसादी की गई।

नगर मे प्रतिष्ठित व्यावसायी विमल टुवानी के निवास स्थान मे चल रही भागवत कथा के दौरान भगवान कृष्ण के जन्म की कथा के दौरान श्रद्धालुओ ने भगवान के जन्म का उत्सव मनाया। थाल बजाई व मिठाईयां बांटी इस दौरान जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान कृष्ण जन्म के बाद उनकी बाल लीलाओ के दौरान उनके द्वारा किए गए बाल लीलाओ के माध्यम से सांसारिक जीव को भगवान द्वारा दिये संदेशो का भागवताचार्य पंडित आकाश पांण्डेय ने विस्तार से वर्णन किया। भागवताचार्य पंडित आकाश पाण्डेय ने कहा नंद बाबा की गौ शाला मे 90 लाख गाए थी, गायो की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने कई आततायियो का नाश किया। भगवान कृष्ण का नामकरण संस्कार भी गौ शाला की पुण्य स्थल मे किया गया। यह गौ माता के महत्व को बताता है।

कथा के दौरान पंडित आकाश पाण्डेय ने कहा संसार का पालन करने वाले भगवान भक्त के करूण भाव के बंधन मे बंध जाते है। भगवान कृष्ण की कथा सिर्फ श्रवण करने के लिए नही है, भगवान की कथा मे ध्यान लगाना चाहिए, ध्यान से कथा का श्रवण कर उसे आत्मसात करे। जब भक्त भगवान की कथा को आत्मसात करता है तो अंतर्मन से भगवान की छवि के दर्शन होते है। भगवान कृष्ण की बाल लीला के दौरान पूतना वध, बकासुर वध के साथ अन्य दैत्यो के उद्वार की कथा के साथ इन्द्र के घमंड का मर्दन करने, गिरराज अर्थात प्रकृति की रक्षा के लिए भगवान द्वारा किये कार्यो से सांसारी जीव को भगवान द्वारा दिये संदेशो का वर्णन कथा के दौरान किया गया।

भागवत कथा के दौरान कमल टुवानी, रवि टुवानी, आशीश टुवानी, सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओ ने भगवान की कथाओ का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया।

## जातिगत जनगणना के निर्णय से ओबीसी महासभा में हर्ष की लहर, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय जनगणना जातिगत किए जाने के केंद्र सरकार के फैसला का ओबीसी महासभा ने स्वागत किया। पहली बार आजाद भारत में जातिगत जनगणना ओबीसी होगी। केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना के फैसले से ओबीसी समुदाय में हर्ष व्यक्त किया है। ओबीसी महासभा ने कहा जातिगत जनगणना का फैसला ओबीसी महासभा के संघर्ष का परिणाम है।

- सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का रास्ता खुलेगा

अध्यक्ष ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक ओमप्रकाश साहू ने कहा भारत सरकार द्वारा कैबिनेट के बैठक में राष्ट्रीय जनगणना जातीय आधारित होने के फैसले से ओबीसी समुदाय में उल्लास का संचार हुआ है। जाति आधारित जनगणना होने से निश्चित ही सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास का रास्ता खुलेगा इससे समतामूलक समाज की स्थापना होगी।

प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू एवं संभाग अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से बताया कि संविधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक –ष्टि से पिछड़े हुए समुदायों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वगएँ—त किया गया है। जनगणना में तीनों वर्गों की दशाओं के आंकड़े एकत्र किए जाने चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनगणना तो प्रति 10 वर्ष में होती है, किंतु अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना 1931 के बाद से नहीं हुई है। आजाद भारत में पहली बार ओबीसी की जाति आधारित जनगणना केंद्र सरकार करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि संविधान के अनुच्छेद 340 के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गठित आयोगों द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना करायें जाने बाबत अनुशंसा की गई है। तद्नुसार इस हेतु संसद में बनी सहमति के आधार पर राष्ट्रीय जनगणना 2011 में पृथक से अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्रित करने की प्रयास किए गए, किंतु अधि—त रूप से आंकड़े प्रकाशित नहीं किए गए।

उन्होंने आगे बताया कि ओबीसी महासभा द्वारा लंबे समय से राष्ट्रीय जनगणना 2021 की जनगणना फॉर्मेट में ओबीसी का कालम बनवाने शासन प्रशासन के माध्यम से निवेदन किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार ने जातिगत जनगणना का फैसला लिया है। राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की जनगणना किए जाने से उनकी जनसंख्या एवं परिस्थितियों का आकलन हो पाएगा, जिससे संवैधानिक प्रतिबद्धता पूर्ण हो पाएगी।

## माता-पिता के आज्ञाकारी बनने से मिलती है तरक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में समर कैंप के चतुर्थ दिवस बीके. पूर्णिमा दीदी ने बताया कि आज्ञाकारी बनना माना हमारे बड़े हमारे माता–पिता, शिक्षकगण, बुजुर्गजन जो भी हमें कहे उसे मानना। उन्होंने कहा कि आज्ञाकारी बनने से बहुत सारे फायदे होते है जैसे– बड़ो की दुआएं मिलती है, दिल में खुशी होती है, आज्ञाकारी बच्चे सबको अच्छे लगते है, सब प्रशंसा करते है, जीवन में आगे बढ़ते है, आज्ञापालन करने से हमारा पुण्य जमा होता है और पुण्य कैसे जमा करना है? जब हम अपने बड़ो की आज्ञा मानते है, किसी की सहायता करते



है, सेवा करते है तो हमारा पुण्य जमा होता है। अपनी दिनचर्या कैसे बनानी है इसके बारे में बताते हुए डॉ. स्वाति बहन ने कहा कि हमें सुबह जल्दी उठना चाहिए, भगवान को याद करना चाहिए, अपना काम खुद करना चाहिए। इस तरह से बालोद संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी बच्चो को ईश्वरीय प्रसाद दिये। जिसमें समर कैंप के सेवाधारी बहने एवं भाई उपस्थित थे।

## श्रमिक दिवस पर युसुफ खान और हेमंत को मिला अगासदिया सम्मान

**डौंडीलोहारा।** अगासदिया परिसर आमदीनगर भिलाई में एक मई को श्रमिक दिवस पर दो सेवाभावी लोकप्रिय श्रमिकों का सम्मान किया गया। दैनिक रोजी पर काम करने वाले कुशल वाहन चालक मोहम्मद युसुफ खान धमधा क्षेत्र के गांव रवेलीडीह में रहते हैं। वे दिन भर वाहन चालन तथा रात को महाविद्यालय में चौकीदारी के साथ माली का काम भी करते हैं। उसी तरह दुर्ग के गया नगर निवासी हेमंत कुमार सिन्हा वाहन चालक के साथ समाजसेवी भी हैं। दोनों को शाल, श्रीफल, पुस्तक तथा स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

- आगासदिया के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने आपसी भाईचारा और मेल मिलाप की परंपरा को सम्मान दिया

समारोह में मुख्य अतिथि अरूण अग्रवाल ने कहा कि समाज में एकता और सेवा के लिए काम करने वाले श्रमिक वर्ग के दो लोगों को मजदूर दिवस पर सम्मान देकर आगासदिया के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने आपसी भाईचारा और मेल मिलाप की परंपरा को सम्मान दिया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष बसंत लाल मालवीय ने कहा



कि दो अलग-अलग मजहब के श्रमिक मित्र एक साथ मंच पर सम्मानित हुए यह अनुकरणीय पहल है। विशेष अतिथि डॉ. रजनी नेलसन ने काव्य पाठ कर श्रमिकों के जीवन की महत्ता को रेखांकित किया। महंत अंतराम ने श्रम गीत गाकर समां बांध दिया। साहित्यकार बद्रीप्रसाद पारकर ने श्रमिक जीवन की कठिनाइयों पर काव्य पाठ किया। मुनीलाल निषाद ने अपने जीवन में श्रम के कारण हुए परिवर्तन के बारे में बताते हुए अगासदिया के द्वारा प्रदत्त सम्मान को महत्वपूर्ण बताया। संयोजक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा- कि दुनिया को मार्क्स और एंगल्स ने ऐसा दर्शन दिया जो वैज्ञानिक चिंतन पर आधारित है। मार्क्स के पांच सिध्दांत हैं, द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, ऐतिहासिक भौतिकवाद, वर्ग संघर्ष का सिध्दांत, क्रांति का सिध्दांत और सर्वहारा वर्ग का जनतांत्रिक अधिनायकवाद का सिध्दांत। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कवियों ने जो रचनाऐं दी हैं उनमें हम इन सिध्दांतों की रोशनी को महसूस करते हैं। संत पवन दीवान, भगवती लाल सेन, हरि ठाकुर,बलदेव साव, द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र, नारायणलाल परमार, मुकुंद कौशल, लक्ष्मण मस्तूरिया की कविताएं शोषण के विरूध्द लड़ाई का हिस्सा भी हैं।

इनमें सामाजिक एकता का स्वर है। छत्तीसगढ़ में कबीर, गुरूबाबा घासीदास का गहरा प्रभाव है। इसीलिए शोषण, जाति-पाति, दमन, ऊंच-नीच को छत्तीसगढ़ पसंद नहीं करता। समता, प्रेम, एकता का सूत्र महान चिंतकों से छत्तीसगढ़ ने प्राप्त किया। कवियों ने भिलाई इस्पात संयंत्र को श्रमशक्ति का फौलादी ताजमहल कहा है। जिन्हें हमने सम्मान दिया वे पढ़े लिखे संघर्षशील एकता के लिए काम करने वाले युवक हैं। समारोह में शिक्षाविद स्मिता वर्मा, डामन लाल साहू, यमुनोत्री वर्मा, खुशबू, श्रीमती उषा वर्मा, श्रीमती मधु वर्मा,नीतीश कुमार, अर्जुन वर्मा, राजेश खोब्रागड़े, अब्दुल कलाम सहित अगासदिया परिवार से जुड़े साहित्यकार, कलाकार सम्मान समारोह में उपस्थित थे।

## प्राकृतिक आपदा से नुकसानः पेड़ गिरने से घर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम उसरवारा मे शनिवार को अचानक आए तुफान के कारण बाबूल का पेड़ एक घर मे गिर गया। जिससे घर का शौचालय व एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया व घर मे रखे कुछ सामान के क्षतिग्रस्त हुआ।



ग्राम उसरवारा मे शनिवार को तेज अंधड़ के साथ हुई बारिश मे पेड़ गिरने से के बीच ग्राम उसरवारा निवासी यशवंत साहू का मकान क्षतिग्रस्त हुआ। शाम को तेज आंधी के साथ हो रही बारिश के बीच शाम 7 बजे अचानक से घर के पास स्थित एक बबूल का पेड़ घर के शौचालय के साथ मुख्य कमरे के दिवाल मे आकर गिर गया। मकान कच्चा होने के कारण बबूल का पेड़ गिरने के बाद खपरैल के साथ एक कमरे का छप्पर क्षतिग्रस्त हो गया तथा जिस दिवाल मे यह पेड़ गिरा। वही तेज तुफान के बीच शाम के समय यशवंत साहू का पुरा परिवार भारी बारिश के बीच घर मे मौजूद था, घटना मे कोई जनहानी नही हुआ। अचानक से मकान मे पेड़ गिरने के कारण सब डर गए और बाहर निकलकर बारिश के थमने तक पड़ोसी के मकान मे जाकर सुरक्षित रहा।

### तूफान में टिन शेड उड़ा और दूसरे घर पर गिरा

**गुरूर।** ग्राम बोड़रा मे तुलसी राम साहू के घर मे लगे टीन शेड शनिवार को आए तेज आंधी तुफान व बारिश के बीच उड़कर पास के सेवक राम के कच्चे घर मे जा गिरा जिससे सेवक राम का कच्चा घर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्राम बोड़रा मे शनिवार को शाम अचानक बारिश प्रारंभ हुई, जिसमे तेज आंधी तुफान के बीच तुलसी राम साहू के आंगन मे लगे टीन शेड अचानक से उड़कर सीधे पास के सेवक राम के कच्ची मकान मे जा गिरा।





### रीवागहन के स्कूल का टिन शेड उड़ा

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत आलीखूंटा के आश्रित ग्राम रीवागहन के प्राथमिक विद्यालय के टीन का छत गुरुवार को शाम आए आंधी-तूफान में उड़ गया।गनीमत रही कि आंधी तूफान स्कूल बंद होने के बाद आया था नहीं तो बहुत बड़ी घटना हो सकती थी। जानकारी देते हुए शाला के शिक्षक व शाला विकास समिति के सदस्यों ने बताया कि देर शाम चले तेज हवा तूफान से शाला के छत पर लगे टीन शेड उड़ गए।हालांकि इससे किसी को नुकसान नही हुआ है।

## बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद ब्लॉक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा सहित स्थानीय परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं। कक्षा पांचवी में थनिता देशमुख 92.50 प्रतिशत प्रथम, 88 प्रतिशत गायत्री देशमुख द्वितीय, 87 प्रतिशत टिंपल साहू तृतीय, 86.50 प्रतिशत आदित्य साहू और आफिया खान चतुर्थ स्थान पर रहा। कक्षा आठवीं में 94 प्रतिशत लावण्या साहू प्रथम स्थान , पूजा कामड़े 92 प्रतिशत द्वितीय, लीना देशमुख 91.67 प्रतिशत तृतीय और मिताली निर्मलकर 91.33 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान पर रही। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्र-छात्राओं को सिद्धि विनायक शिक्षण समिति और सरस्वती शिशु मंदिर परिवार ने बधाई दी। देवीना प्रथम, टिकम द्वितीय, उदय में वैष्णवी यादव प्रथम, डिंपल ठाकुर द्वितीय, कक्षा प्रथम में हर्षिता साहू प्रथम, नव्या पटेल द्वितीय

कक्षा द्वितीय में देविका प्रथम, जसमीत द्वितीय, कक्षा तृतीय में विजय यादव प्रथम, रविकांत द्वितीय, कक्षा चतुर्थ में एकता साहू प्रथम, मोनिका भंडारी द्वितीय, कक्षा षष्ठम में पूर्वी मंडावी प्रथम, किंजल धनकर द्वितीय, कक्षा सप्तम में भावेश निर्मलकर प्रथम, रुचिका साहू और नेहा साहू ने द्वितीय स्थान हासिल की । सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन



करने वाले छात्र-छात्राओं को एक कार्यक्रम आयोजित कर शाला परिवार ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सिद्धि विनायक शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुभाष हरदेल, प्रधानाचार्य ताराचंद साहू, सचिव खिलानंद गिलहरा, गिरधर देशमुख, दशरुराम साहू, टोखनलाल साहू, भूषण लाल साहू, त्रिलोक साहू, संकटराम ठाकुर, टोमन साह, हेमंत ठाकुर, किरण चतुर्वेदी, सुनीता ढाकुर, मधु साहू, गुनीता देशलहरे आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल हुए आचार्य और दीदियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर खेमिन रीना देशलहरे, चैनकुमारी नेताम, लक्ष्मी साहू, माधुरी, भावना सुनहरे, त्रिवेणी दुबे, धनंजय साहू, रेखलाल देशमुख, नुमेश्वरी विश्वकर्मा, हरीश साहू उपस्थित थे।

### धारदार हथियार से लोगों को धमकाने वाले पकड़ाए

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ लोगों को धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि बैकुण्ठ धाम मैदान कैम्प 2 निवासी ललित पाण्डेय नामक युवक हाथ में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों का डरा धमका रहा था। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया। युवकों में ललित पांडे और आकाश पांडे है। युवकों के पास से धारदार चाकू जब्त किया। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## महार, महारा समाज की पहल अनुकरणीय

# फिजूल खर्ची रोकने के लिए ठेका विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

डौंडी ब्लॉक के ग्राम टेकाडोढ़ा में महार,महरा समाज ने परिवार ने शादी में फिजूल खर्ची रोकने के लिए ठेका विवाह कर मिसाल पेश की। यह ठेका विवाह प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है। जो आज के दौर में विलुप्त हो रही है। इस ठेका विवाह के अंतर्गत वधू पक्ष के लोग वर पक्ष के घर जाते हैं और पूरे शादी के रस्मो रिवाज एक ही दिन संपन्न कर वर के घर फेरे लेकर अपने गृहस्थ जीवन की शुरुआत करते हैं।

इस क्रम में डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम फ़रदडीह के रहने वाले सेउक राम सहारे की बेटी माधुरी की शादी टेकाडोढ़ा के रहने वाले रामेश्वर उंदरा से हुई। एक ही दिन में सभी रस्में निभा कर सादगी और शांतिपूर्ण तरीके से शादी कराई गई। कोई फिजूल खर्ची नहीं हुआ,कम खर्चे में ही यह शादी टेकाडोढ़ा में संपन्न हुई। जिसने माहरा समाज के लिए भी एक अच्छा संदेश दिया। इसकी शुरुआत की बात करें तो दीपक आरदे निवासी खल्लारी का अक्सर सामाजिक कार्यक्रमों के चलते बालोद आना-जाना होता था। इस दौरान टेकाडोढ़ा के रामेश्वर उंदरा बालोद के भोजनालय में काम करते थे और रात में सामाजिक भवन में ही रहते थे। इस बीच 40 वर्षीय



रामेश्वर, उनसे चर्चा करते थे, कि मेरे लिए कोई उम्रदराज शादी के लिए लड़की हो तो जरूर बताएं। वही दीपक आरदे के जरिए उन्हें उनकी एक साली 38 वर्षीया माधुरी के बारे में पता चला। दोनों की ही शादी की उम्र निकलती जा रही थी व रिश्ते जुड़ने में अड़चनें आ रही थी। इस तरह शादी का संयोग बना र। 40 साल और 38 साल की उम्र में दोनों ने 7 फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की। दीपक आरदे के जरिए यह रिश्ता बंधा और ठेका विवाह पद्धति के जरिए दोनों ने दांपत्य जीवन में कदम रखा। आज महंगाई के दौर में विवाह काफी खर्चीली होती जा रही है। ऐसे में आदर्श और सादगी पूर्ण विवाह संपन्न कर समाज ने फिजूल खर्ची रोकने का संदेश दिया। इस ठेका विवाह में कन्या पक्ष से राजेंद्र यारदा, शिवप्रसाद कौशल, कुबेर यारदा, गेमन कौशल ,जीवन कोटेंद्र पूर्व जिला अध्यक्ष महार महार समाज बालोद, कन्या के जीजा दीपक आरदे, योगेंद्र कौशल, कन्या की बहन शारदा कौशल, कुसुम आरदे , भाभी श्रीमती कोटेंद्र, नानी कौशल्या बाई डोंगरे, लहेंद्र डोंगरे, नूतन डोंगरे, भगवान सिंह कौशल, संगीता कौशल, देवेश यारदा, शंकर लाल आरदे, रतनी आरदे आदि विवाह के साक्षी बने। तो वही कन्या के पिता सेउक राम सहारे ने कहा आज मैंने अपनी बेटी के हाथ पीले कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हुआ। वर रामेश्वर पक्ष से उनके बड़े भाई राजेश कुमार उंदरा, फूफा छगन बुंदेली, बुआ कचराबाई डेरहा राम एवं सामाजिक जन आदि के सहयोग से यह ठेका विवाह घर में संपन्न हुआ। पारंपरिक बाजे के बीच बिना किसी तामझाम के यह ठेका विवाह कराया गया। सभी ने नव दंपत्ति को उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411